Pew Research Center

तत्काल प्रकाशन के लिए

मीडिया संपर्क: Hannah Klein, hklein@pewresearch.org; Gar Meng Leong, gleong@pewresearch.org

23 देशों का भारत के प्रति दृष्टिकोण सकारात्मक है

भारतीयों में, मोदी और भारत का वैश्विक प्रभाव सकारात्मक रूप से देखा जाता है

वॉशिंग्टन, डी.सी. (29 अगस्त 2023) – अगले सप्ताह देशों और सरकार के सरपरस्त नई दिल्ली में G20 के नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए इकट्ठा होंगे। जहाँ अंतर्राष्ट्रीय ध्यान भारत की ओर आकर्षित हो रहा है, Pew Research Center के विश्लेषण ने मेज़बान देश के बारे में आम तौर पर दुनियाभर में लोगों की राय सकारात्मक पाई है। मध्यस्थ 46% भारत के बारे में अनुकूल राय की रिपोर्ट करते हैं, जिसकी तुलना में 34% प्रतिकूल राय वाले हैं और 16% लोगों ने कोई भी राय साझा नहीं की। इज़राइल में भारत के बारे में राय सब से सकारात्मक थी, जहाँ 71% का कहना है कि देश के बारे में उनका दृष्टिकोण अनुकूल है।

सर्वेक्षण, जो कि 20 फरवरी से 22 मई 2023 तक भारत सहित 24 देशों के 30,861 वयस्कों में किया गया, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में वैश्विक राय, भारत की वैश्विक ताकत के विस्तार और भारतियों के अपने देश के बारे में दृष्टिकोण की जाँच करता है।

12 देशों में इकट्ठा की गई मोदी के बारे में राय मिश्रित है। मध्यस्थ 37% कहते हैं कि उन्हें वैश्विक मामलों में सही करने के लिए प्रधान मंत्री पर भरोसा है, जब कि अन्य 40% विश्वास की कमी व्यक्त करते हैं। इस अध्ययन में मेक्सिको निवासी और ब्राज़ील निवासी खास कर आलोचनात्मक हैं: इन देशों के लगभग आधे या अधिक जवाबदाता कहते हैं कि उन्हें मोदी में विश्वास नहीं है। आर्जेन्टीना, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया और यूनाइटेड स्टेट्स के वयस्कों में भी भारत के प्रधानमंत्री में विश्वास की कमी होने की अधिक संभावना है। इसके विपरीत, जापान, केन्या और नाइजीरिया के जवाबदाता मोदी में *विश्वास* की रिपोर्ट करें इसकी अधिक संभावना है। वास्तव में, केन्या निवासी खास कर वैश्विक मामलों में मोदी के सही करने पर खास कर विश्वास करते हैं (*नोट: यूरोप निवासी जवाबदातों से भारतीय नेता के बारे में नहीं पूछा गया था।*)

इस रिपोर्ट के अन्य प्रमुख निष्कर्षों में पाया गया कि:

- **भारतीय वयस्कों की यह मानने की अधिक संभावना है कि भारत की ताकत का उदय हो रहा है।** दस में से सात भारतीय मानते हैं कि उनका देश हाल ही में अधिक प्रभावशाली हो गया है। यह 19 देशों में 2022 में किए गए एक सर्वेक्षण के सामने है, जिसमें केवल 28% ने यह कहा था।
- **भारत के बारे में यूरोपियन रवैया समय के बीतते और नकारात्मक हो गया है।** पाँचों यूरोपीय देश, जिनमें पहले का डेटा उपलब्ध है, वहाँ भारत के बारे में अनुकूल राय अंदाज़न 10 प्रतिशत अंकया अधिक से घटी है।

सब से बड़ा परिवर्तन फ्रांस में देखा जा रहा है, जहाँ 2008 के 70% की तुलना में अब केवल 39% फ्रेंच वयस्कों के मन में भारत के बारे में अनुकूल राय है।

- **दस में से लगभग आठ भारतीय मोदी के बारे में अनुकूल राय की रिपोर्ट करते हैं,** जिनमें से बहुमत (55%) की नेता के बारे में *बहुत* अनुकूल राय है। केवल एक पंचमांश भारतीय 2023 में मोदी के बारे में प्रतिकूल राय व्यक्त करते हैं।
- **जिन भारतीय वयस्कों की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC) के अनेक नेताओं के बारे में अनुकूल राय है, उनका हिस्सा बदलता रहता है।** राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी के बारे में भारतीयों की राय को विस्तार से जानें. *(ध्यान दें: यह सर्वेक्षण 25 मार्च से 11 मई के दौरान किया गया था जो कि गाँधी को कार्यपद से हटा दिया गया था और पुन:स्थापित (रीइन्स्टेट) किया गया था उससे पहले था।)*
- **भारतीय वयस्क यू.एस. और रूस को वैश्विक प्रभाव प्राप्त करता हुआ देखते हैं।** लगभग आधे भारतीय (49%) कहते हैं कि यू.एस. का प्रभाव हाल के वर्षों में और ताकतवर हो रहा है, और 41% रूस के बारे में यही कहते हैं। इस बीच चीन के प्रभाव के बारे में भारतीयों की राय अधिक मिश्रित है।
- **भारत में पाकिस्तान के प्रति नकारात्मक अभिगम जारी हैं।** दस में से लगभग सात भारतीय वयस्क 2023 में पाकिस्तान के बारे में प्रतिकूल राय रखते हैं। इसमें वे 57% शामिल हैं जिनकी राय *बहुत* प्रतिकूल है। केन्द्र के सर्वेक्षणों में पाकिस्तानियों के बारे में भारतीयों की राय निरंतर प्रतिकूल रही है, जो कि ऐतिहासिक रूप से तनावग्रस्त द्विपक्षी संबंधों से सुसंगत है। जब केन्द्र ने यह प्रश्न पहली बार 2013 में पूछा तब से पाकिस्तान के बारे में प्रतिकूल राय रखने वाले भारतीय वयस्कों का हिस्सा कभी भी 60% के नीचे गिरा नहीं है।

रिपोर्ट: https://www.pewresearch.org/global/2023/08/29/views-of-india-lean-positive-across-23-countries/

कार्य पद्धति: https://www.pewresearch.org/global/2023/08/29/views-of-india-methodology/

टॉपलाइन: https://www.pewresearch.org/global/wp-content/uploads/sites/2/2023/08/PG_2023.08.29_views-of-india_topline.pdf

अधिक जानकारी के लिए या किसी विशेषज्ञ से साक्षात्कार आयोजित करने के लिए, कृपया Hannah Klein से hklein@pewresearch.org पर या Gar Meng Leong से gleong@pewresearch.org पर संपर्क करें।

ध्यान दें: निष्कर्षों का यह सार उसके मूल अंग्रेज़ी संस्करण से हिन्दी में अनुवादित किया गया था।